# आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 04.09.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- मुख्य सचिव केशव चन्द्र ने द्वीपसमूह में पीएम स्वनिधि योजना के कार्यान्वयन में सर्वश्रेष्ठ ऋण देने वाली बैंकों को सम्मानित किया।
- द्वीपसमूह के कुछ ग्राम पंचायतों में खाली सीटों के लिए उनतीस सितम्बर को उप–चुनाव कराया जाएगा।
- नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से दक्षिण अंडमान और मध्योत्तर अंडमान की ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर आयोजित किया जा रहा है।

और

- सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम अट्ठारह सौ साठ के तहत पंजीकृत सभी सोसाइटियों और समितियों को जरूरी जानकारियां जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

पोर्ट ब्लेयर नगरपालिका परिषद द्वारा सचिवालय के सम्मेलन कक्ष में कल पीएम स्वनिधि प्रशंसा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य सचिव केशव चंद्र ने सर्वश्रेष्ठ ऋण देने वाली बैंकों को सम्मानित किया, जिन्होंने अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में पीएम स्वनिधि योजना के कार्यान्वयन का समर्थन करने में अनुकरणीय समर्पण और प्रदर्शन दिखाया है। मुख्य सचिव ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्य भूमि की तुलना में द्वीपों में इस योजना की सफलता दर अधिक है। उन्होंने इस योजना को और अधिक व्यापक बनाने का आग्रह किया। मुख्य सचिव ने इस बात की सराहना की कि जिन व्यक्तियों को अपना उद्यम शुरू करने के लिए ऋण राशि मिली है, उन्होंने समयबद्ध तरीके से ऋण वापस कर दिया है। उन्होंने इस योजना के तहत ऐसे विक्रेताओं को वित्तीय सहायता देकर प्रोत्साहित करने का आग्रह किया है। मुख्य सचिव ने एक हजार सत्तर आवेदकों में से एक हजार पांच व्यक्तियों को ऋण स्वीकृत करने के लिए बैंकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि पहचाने गए और अधिकृत स्ट्रीट वेंडरों को कुल छह सौ छिहत्तर सर्टिफिकेट ऑफ वेंडिंग और आईडी कार्ड जारी किए गए हैं।

मुख्य सचिव ने नगरपालिका परिषद से योजना की व्यापक पहुंच के लिए पंचायती राज संस्थाओं और जन प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए योजना के बारे में जागरूकता पैदा करने का आग्रह किया। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के सचिव, अमित काले ने बताया कि यह पुरस्कार दो हजार तेइस–चौबीस के लिए राष्ट्रीय और राज्य दोनों स्तरों पर असाधारण प्रदर्शन को मान्यता देता है। द्वीप समूह में, नगरपालिका परिषद द्वारा आठ उत्कृष्ट प्राप्तकर्ताओं को पुरस्कृत किया गया, जिन्होंने पीएम स्वनिधि योजना के कार्यान्वयन का समर्थन करने में आगे बढ़कर काम किया है।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के कुछ ग्राम पंचायतों में खाली सीटों के लिए उनतीस सितम्बर को उप–चुनाव कराया जाएगा। इनमें लिटिल अंडमान तहसील में रामकृष्णपुर ग्राम पंचायत में प्रधान, ग्राम पंचायत पर्णशाला में रामपुर–दो, रंगत–दस, दशरथपुर–तीन और मनारघाट–एक में सदस्य की सीटों के लिए उप–चुनाव होगा। उप–चुनाव के लिए नियुक्त संबंधित

निर्वाचन अधिकारियों और सहायक निर्वाचन अधिकारियों का विवरण अधिसूचित कर दिया गया है। मतदान केन्द्रों के बारे में भी विवरण जारी किया गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार कमान की ओर से पोर्ट ब्लेयर में एन्टेक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। दीपिका सभागार में आयोजित दो दिवसीय संगोष्ठी का कल समापन हो गया। संगोष्ठी का उद्घाटन करते हुए कमान के कमांडर–इन–चीफ एयर मार्शल साजू बालाकृष्णन ने सैन्य बलों की संचालन क्षमता में वृद्धि के लिए प्रौद्योगिकी के महत्व पर प्रकाश डाला। अंडमान निकोबार द्वीपसमूह की सुरक्षा के मद्देनजर उन्होंने ऐसे चुनौतियों से निपटने के उपायों पर भी जानकारी दी। चीफ ऑफ डिफेन्स स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अपने विचार रखे। संगोष्ठी में सैन्य बलों के विभिन्न शाखाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के अलावा भारतीय सेना और नागरिक सेवा के करीब डेढ़ सौ प्रतिनिधियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में सामूहिक चर्चा और वरिष्ठ सैन्य अधिकारियों द्वारा अपने अनुभव भी साझा किए गए।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से आम जनता की सुविधा के लिए दक्षिण अंडमान और मध्योत्तर अंडमान की ग्राम पंचायतों में विशेष आधार शिविर आयोजित किया जा रहा है। शिविर सुबह साढ़े नौ बजे से शाम चार बजे तक आयोजित किए जाएंगे। आम जनता से अनुरोध किया गया है कि वे इस अवसर का लाभ उठाएं और विशेष आधार शिविरों के दौरान अपने आधार संबंधी कार्य करवाएं। आज नमूनाघर ग्राम पंचायत में, कल और छह सितम्बर को मीठाखाड़ी ग्राम पंचायत में शिविर लगाया जाएगा।

<><><><><><><>

सामाजिक न्याय और आधिकारिता मंत्रालय के तहत स्थापित नमस्ते कार्यक्रम के तहत राज्य नमस्ते समन्वयक के एक पद के लिए आज नगरपालिका परिषद के सचिव के कार्यालय में शाम तीन बजे सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। अनुबंध के आधार पर इक्कीस से पैंतीस वर्ष आयु वर्ग के उम्मीदवारों के लिए आयोजित होने वाले साक्षात्कार में चुने गए उम्मीदवार को प्रतिमाह पैंतालीस हजार रूपये की एकमुश्त राशि प्रदान की जाएगी।

उधर, स्वास्थ्य विभाग में ड्रग्स इंस्पेक्टर के तीन पदों के लिए सीधे साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। दो पद दक्षिण अंडमान और एक पद मध्योत्तर अंडमान के लिए है। अनुबंध के आधार पर एक वर्ष अवधि के लिए की जाने वाली नियुक्ति के लिए उम्मीदवार को तैंतालीस हजार आठ सौ रूपये की एकमुश्त राशि दी जाएगी। छब्बीस सितम्बर की शाम पांच बजे तक ऑनलाइन आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। सत्रह अक्तूबर को संभवतः सीधे साक्षात्कार का आयोजन होगा। उम्मीदवार की आयु चालीस वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।

<><><><><><><>

सोसाइटी पंजीकरण अधिनियम अट्ठारह सौ साठ के तहत पंजीकृत सभी सोसाइटियों, संघो, युवा क्लबों, गैर सरकारी संगठनों, मंदिर समितियों, महिला मंडलों, गिरजाघरों, मस्जिदों और स्कूलों को जरूरी जानकारियां जमा करने को कहा गया है। ऐसे सभी संबंधितों को उनकी वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट, सोसाइटी के पैन का विवरण, उनका बैंक खाता नम्बर और वर्तमान पदाधिकारियों सहित अन्य सदस्यों की सूची उनके पते, फोन नम्बर और ई–मेल आई डी के साथ जमा करने को कहा गया है। दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त कार्यालय में पंजीकृत सभी सोसाइटियों को एन जी ओ पोर्टल पर अनिवार्य रूप से

पंजीकृत करवाने और इसकी पुष्टि तीस दिनों के भीतर जमा करने को भी कहा गया है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप में नशीली दवाओं और शराब के सेवन से होने वाली दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से हाल ही में स्वराज द्वीप के सहायक आयुक्त कार्यालय में एसी कप लीग–कम–नॉकआउट वॉलीबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त विक्रम सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने अपने संबोधन में स्वस्थ जीवन के लिए खेलों के महत्व पर जोर दिया और युवाओं में नशे की लत की रोकथाम पर ध्यान केन्द्रित करने को कहा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के प्रमुखों, पंचायती राज संस्थानों के सदस्य, शिक्षक, छात्रों और आम जनता ने भाग लिया।

<><><><><><><>

आगामी वरिष्ठ महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिप के लिए द्वीपसमूह से खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। अंडमान निकोबार फुटबॉल एसोसिएशन की ओर से सात सितम्बर को सुबह नौ बजे से नेताजी स्टेडियम में चयन प्रक्रिया आरंभ होगी। और जानकारी के लिए एसोसिएशन के पदेन सचिव संजय मेशाक से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

शिक्षक दिवस मनाए जाने के सिलसिले में ब्रीटेक आई टी की ओर से आज नगरपालिका परिषद के डॉ. बी आर अम्बेडकर सभागार में कार्यक्रम रखा गया है। शाम साढ़े तीन बजे आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में शिक्षकों को सम्मानित भी किया जाएगा।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

मुख्य सचिव केशव चन्द्र द्वारा द्वीपसमूह में पीएम स्वनिधि योजना के कार्यान्वयन में सहयोग देने के लिए उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले और सर्वश्रेष्ठ ऋण देने वाली संस्थाओं और बैंकों को सम्मानित करने के समाचार को **द डेली टेलीग्राम्स** और **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाते हुए सचित्र प्रकाशित किया है। साथ ही अखबार ने पुलिस मुख्यालय में हिन्दी कार्यशाला आयोजित करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। ग्राम पंचायत शिवपुरम में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के समाचार को **इंफो इंडिया** ने अपनी बड़ी खबर बनाया है। उम्मत पब्लिक स्कूल में विज्ञान, कला और शिल्प प्रदर्शनी आयोजित किए जाने के समाचार को **इको ऑफ इंडिया** ने सचित्र प्रकाशित किया है।

<><><><><><><>